पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कुलपति को जाँच हेतु पत्र लिखा
कृत कार्यवाही से राज्यपाल सचिवालय को भी अवगत करायें - राज्यपाल

लखनऊः 25 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने कुलपति, चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय की फर्जी डिग्रियों के संबंध में एफ0आई0आर0 का पंजीयन कराने तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आंतरिक जाँच कराने हेतु अविलम्ब कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। राज्यपाल ने कुलपति को यह भी कहा है कि कृत कार्यवाही से राज्यपाल सचिवलालय को शीघ्र अवगत करायें।

उल्लेखनीय है कि एक प्रमुख समाचार चैनल ने राज्यपाल को अपनी ओर से किये गये स्टिंग आपरेशन की सी0डी0 उपलब्ध करायी है। सी0डी0 में कतिपय व्यक्तियों द्वारा चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों की डिग्रियाँ अवैध रूप से लोगों को उपलब्ध कराना दिखाया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि फर्जी डिग्री बेचने के मामले में विश्वविद्यालय के भी अधिकारी/कर्मचारी की संलिप्तता संभव हो सकती है।